AMAR UJALA

Page No. 07 Date. 15th Sep 2019

अपराजिता के तहत चिकित्सा शिविर आज

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल के तहत आज (रविवार) चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

आईटीएस डेंटल कालेज मुरादनगर के सहयोग से गोविंदपुरम डी-ब्लॉक के चौधरी चरण सिंह पार्क में शिविर आयोजित होगा। इसकी शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे से की जाएगी, जिसमें आप दोपहर दो बजे तक अपने दांतों की समस्या को लेकर चिकित्सकों से उचित सलाह ले सकते हैं। दांतों के साथ ही शिविर में अन्य बीमारियों की भी जांच की जाएगी। ऐसे में आप सभी निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

AMAR UJALA

Page No. 05

Date. 16th Sep 2019

स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे लोग, कराई जांच

अमर उजाला के अपराजिता अभियान के तहत लगाया गया शिविर

अपराजिता
100 MILLION SMILES

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को गोविंदपुरम डी-ब्लॉक स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

स्वास्थ्य शिविर में कुल 161 मरीज आए, जिसमें से 113 के दांतों की जांच और 48 मरीजों को फिजीयोथेरेपी के टिप्स दिए गए। इसके अलावा शिविर में 44 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। बच्चों की दांतों की जांच के दौरान कई के दांतों में कैविटी पाई गई। 25 बच्चों के दांतों में फ्लूराइड एप्लिकेशन किया गया, जिससे आगे उनको कैविटी की समस्या न हो। इसके अलावा आठ लोगों के दांतों में चिकित्सकों ने मसाला भरा। डॉ. विक्रम अरोड़ा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।

इन डॉक्टर्स ने की जांच : डॉ. लावण्या रोहतगी, डॉ. सुचिन त्यागी, छावेरी, आयुषी, आयुश्री, दीया, इडन, शिवानी गुप्ता, रितिका भारद्वाज आदि

फ्री डेंटल कैंप में जांच करते डॉक्टर।

इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिए। बच्चों के दांतों के रखरखाव को लेकर चिकित्सकों से अच्छी जानकारी मिली। - **संतोष देवी**

बच्चों के दांतों के दिखाने के लिए कैंप में पहुंची थी। चिकित्सकों ने कैविटी से बचने के लिए टिप्स दिए। - **मीनू**

स्वास्थ्य शिविर की जानकारी मिलने के बाद परिवार के सदस्यों के साथ स्वास्थ्य की जांच कराई। दांतों संबंधी समस्याओं पर उपचार मिला। - **सुनीता**

दांतों का चेकअप कराया। घर के नजदीक स्वास्थ्य शिविर लगने से दूर नहीं जाना पड़ा और चिकित्सकों से स्वस्थ रहने संबंधी टिप्स भी मिले। अब मैं खुद से भी अपना ख्याल रखूंगी। - **इसराना**